(ग) यदि हां, तो उक्त असंतोष को दूर करने के लिये क्या उपाय किये जा रहे है ?

**पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह)** । (क) : अपेक्षित सूचना नीचे दी गई हैं :

| | तकनीकी | गैर-तकनीकी |
|---|---|---|
| 1. स्थायी पदों पर नियुक्त कर्मचारियों की संख्या | | |
| (i) जिनकी पुष्टि हो चुकी है | 1177 | 1830 |
| (ii) परिवीक्षाधीन | 37 | 112 |
| 2. अस्थायी/अल्पावधिक पदों पर नियुक्त कर्म-चारियों की संख्या | 51 | 200 |
| योग : | 1265 | 2162 |

(ख) और (ग) जी, नहीं। परन्तु, इंडियन एयरलाइन्स को कार्यकर्त्ता संघ तथा कर्मचारियों से अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के लिये प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। कर्मचारियों को स्थायी बनाने का प्रश्न मौजूदा स्वीकृत स्थायी पदों में भावी रिक्तियों अथवा अतिरिक्त स्थायी पदों के निर्माण के लिये कार्य-भार में आवश्यक वृद्धि पर निर्भर करता है ।

## नेफा में चीन समर्थक तत्वों के विरुद्ध जांच

4554. **श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**कुमारी कमला कुमारी :**
**श्री क० लकप्पा :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या गृह-कार्य मंत्री नेफा में चीन समर्थक व्यक्तियों की गिरफ्तारियों के सम्बन्ध में 20 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5226 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संदेहास्पद व्यक्तियों के विरुद्ध जांच इस बीच पूरी कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसे कब पूरा किये जाने की सम्भावना है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) से (ग). जाच अभी जारी है ।

## केन्द्रीय सरकार के हिन्दी सलाहकार द्वारा की गई सिफारिशें

4555. **श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार ने गत तीन वर्षों में हिन्दी के प्रचार तथा हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग के लिए क्या-क्या सिफारिशें की हैं और क्या-क्या प्रतिवेदन पेश किये गये हैं; और

(ख) क्या सरकार हिन्दी सलाहकार द्वारा की गई सिफारिशों का विवरण तथा इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा किये गये निर्णयों का ब्यौरा सभा पटल पर रखेगी ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) हिन्दी सलाहकार द्वारा कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती ।